GCMS-2023/158

FORM NO-III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अदालत अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, मुकाम जयपुर

मोठूराम बनाम भूमिधारी व अन्य

किस्म मुकदमा– प्रा. पत्र बाजदायरी प्रा.पत्र बाजदायरी संख्या 71 /2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.06.2023	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी श्री मोठूराम, स्वंय उपस्थित। प्रार्थी को प्रार्थना पत्र बाजदायरी पर सुना गया। प्रार्थी द्वारा अपने प्रार्थना पत्र में कथन किया है कि उनवानी अपील माननीय न्यायालय में प्रस्तुत होकर विचाराधीन चल रही थी एवं तारीख पेशी 19.04.2023 नियत थी। अपीलार्थी प्रार्थी वृद्ध एवं बीमार है एवं प्रार्थी बी.पी. पेसेन्ट है इसलिये माननीय न्यायालय में तारीख पेशी पर उपस्थित नहीं हो सका इसलिए उक्त अपील हाजा अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज फरमा दी गयी जिससे प्रार्थी अपीलार्थी को सख्त हक तलफी है। मामला प्रार्थी की अचल सम्पत्ति बाबत है। आज दिनांक को प्रार्थी स्वंय माननीय न्यायालय में उपस्थित होकर अपना हस्तगत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रहा है। ऐसी परिस्थिति में अपील को पुनः रेस्टोर कर गुणावगुण पर निस्तारित किया जाना न्यायहित में आवश्यक है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। न्यायहित में प्रार्थना पत्र रेस्टोरेशन 300/रू. की कोष्ट पर स्वीकार किया जाकर मूल अपील रेस्टोर की जाती है। वकील अपीलांट 300/– रू. की कोष्ट राजकोष में जमा कराकर रसीद पेश करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर हमफिता अपील रहे। आदेश सुनाया गया। (असलम शेर खान) अति. संभागीय आयुक्त जयपुर	

Scanned by CamScanner